भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †2374

सोमवार, 3 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

दक्षिण कन्नड़ में पर्यटन कौशल

†2374. कैप्टन बृजेश चौटा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान दक्षिण कन्नड़ में कार्यान्वित किए गए पर्यटन और आतिथ्य-सत्कार कौशल कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रमाणित संस्थानों, पाठ्यक्रमों, प्रशिक्षुओं और नियोजन अथवा स्व-रोजगार परिणामों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रशिक्षण में गाइड, होमस्टे, जल-क्रीड़ा, खाद्य सेवाएं और अन्य स्थानीय रूप से प्रासंगिक व्यवसाय शामिल हैं; और

(घ) उक्त जिले में मांग से जुड़े पर्यटन कौशल का विस्तार करने की योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय अपनी "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी)" योजना के अंतर्गत कौशल विकास, कौशल उन्नयन और पुनः कौशल विकास के लिए सरकारी संस्थानों तथा सूचीबद्ध निजी संस्थानों, जिनमें होटल प्रबंधन संस्थान, खाद्य शिल्प संस्थान, भारतीय पाककला संस्थान आदि शामिल हैं, के माध्यम से आतिथ्य एवं पर्यटन से संबंधित अल्पकालिक प्रशिक्षण प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम संचालित करता है।

इन मांग-आधारित पर्यटन एवं आतिथ्य कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में अन्य के साथ-साथ, हुनर से रोज़गार तक, उद्यमिता कार्यक्रम, कौशल परीक्षण एवं प्रमाणन तथा पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों की परिकल्पना अभ्यर्थियों की विभिन्न पेशे, जैसे गाइड, होमस्टे, जल-क्रीड़ा, खाद्य सेवाएँ तथा स्थानीय रूप से अन्य प्रासंगिक आजीविकाओं में रोजगार-योग्यता बढ़ाने के लिए की गई है। देशभर में उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम का विस्तार/संशोधन कर तथा पर्यटन स्थलों को शामिल करके सीबीएसपी योजना के दायरे का विस्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पिछले तीन वर्षों के दौरान कर्नाटक राज्य सहित देश भर में, प्रमाणित तथा नियोजित या स्वरोज़गार प्राप्त प्रशिक्षुओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

कैप्टन बृजेश चौटा द्वारा दक्षिण कन्नड़ में पर्यटन कौशल के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †2374 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

वित्तीय वर्ष 2023-24 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक सीबीएसपी योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित/प्रमाणित तथा नियोजित किए गए कुल व्यक्तियों की संख्या

क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**प्रशिक्षित/प्रमाणित व्यक्तियों की संख्या**	**नियुक्त किए गए व्यक्तियों की संख्या**
1.	2023-24	24153	4584
2.	2024-25	94183	25158
3.	2025-26	570	70
	कुल	**118906**	**29812**

स्रोतः पर्यटन मंत्रालय

*****